## » न्यूज कैप्सूल »

### नवोदय चयन परीक्षा के आवेदन भरने की अंतिम तिथी10 अगस्त

**कटनी।** जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा जिला कटनी में सत्र 2024-25 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2024 के लिए आवेदन पत्र केवल आनलाईन भरे जा सकते है। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि जो छात्र-छात्रा सत्र 2023-24 में कटनी जिले में कक्षा पांचवी में अध्ययनरत है एवं उनके माता- पिता जिला कटनी जले के ही मूल निवासी हो वे अपने गाँव के निकटतम कम्प्यूटर सेंटर जाकर निर्धारित प्रारूप में आनलाईन फार्म भर सकते है। आनलाइन फार्म भरने के लिए लिंक नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट 222.ठ्ठ1श्स्र्ड्ड4ड्ड.द्दश1.द्बठ्ठ पर उपलब्ध है। आनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 10 अगस्त है।

### फर्जी हस्ताक्षर कर गबन के आरोपी को 5 वर्ष का सश्रम कारावास

**कटनी।** फर्जी हस्ताक्षर का शासकीय राशि का गबन करने वाले आरोपी को न्यायालय चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने अलग- अलग धाराओं में 5 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। मीडिया सेल प्रभारी सुरेंद्र गर्ग ने बताया कि बहोरीबंद प्रकरण में जबलपुर जिले के सिहोरा निवासी आरोपी खेमचंद पटेल द्वारा बैंक चैकों में फर्जी हस्ताक्षर करके मूल्यवान प्रतिभूति की कूटरचना कर विभाग के साथ छल करते राशि आहरित करने आरोप में धारा 409, 468, 420, 471 में दोषी पाते हुए न्यायालय चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश इरशाद अहमद ने आरोपी खेमचंद पटेल को सजा सुनाई है। धारा 409 में 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 50 हजार रुपए अर्थदंड, धारा 468 में 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 25 हजार रुपए अर्थदंड, धारा 420 में 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 10 हजार रुपए अर्थदंड, धारा 471 में 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 10 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है।

### भारतीय वायुसेना अग्निवीर के लिये आवेदन ऑनलाइन प्रारंभ

**कटनी।** भारतीय वायु सेना (अग्निवीर) के लिये 27 जुलाई से ऑनलाइन आवेदन किये जावेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 17 अगस्त 2023 है, ऑनलाइन परीक्षा दिनांक 13 अक्टूबर 2023 को होगी। इच्छुक आवेदक वेबसाइट पर जाकर भर्ती से सर्बधित विवरण देख सकते है एवं अपना पंजीयन करा सकते है। उन्होंने बताया कि ऐसे युवा जिनका जन्म दिनांक 27 जून 2003 से 27 दिसबर 2006 के मध्य है, वह आवेदक ऑनलाइन आवेदन करने के पात्र होंगे। शैक्षणिक योग्यता संबंधी जानकारी विज्ञापन या भारतीय वायु सेना भर्ती संबंधित जानकारी यूआर कोड/वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है एवं सर्बधित लिंक एम. पी. रोजगार पोर्टल पर भी उपलब्ध है।

### व्ही.के.शुक्ला होंगे नए नगर निगम आयुक्त

#### सत्येन्द्र धाकरे का सिंगरौली तबादला



**कटनी।** नगरीय प्रशासन मंत्रालय द्वारा सोमवार की शाम को जारी हुए तबादलों के आदेश में संशोधन करते हुए कटनी नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र धाकरे को नगर निगम आयुक्त सिंगरौली पदस्थ किया है। इनके स्थान पर गुना के मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद कुमार शुक्ला को कटनी नगर पालिक निगम का आयुक्त बनाया गया है। गौरतलब है कि इसके पूर्व जारी की गई तबादला सूची में नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे का तबादला भोपाल किया गया था लेकिन कुछ ही देर में संसोधित तबादला सूची जारी करते हुए उन्हे सिंगरौली नगर निगम का नया आयुक्त बना दिया गया।

### ट्राई साइकिल पाकर खुश हुए अंकित रघुवंशी

**पिपरिया।** नगर के लायंस ऑफ पिपरिया की सेवा गतिविधियों के अंतर्गत दिव्यांग युवक अंकित रघुवंशी को एक ट्राई साइकिल प्रदान की गई। अंकित ट्राईसाईकिल पाकर उनके चेहरे पर खुशी झलक आई। लायंस ऑफ पिपरिया द्वारा समय- समय सेवा गतिविधियों में दिव्यांग सेवा में सक्रियता से कार्य किए हैं और भविष्य में भी करता रहेगा इस बात से सभी को आश्वस्त किया और आने वाले समय में एक दिव्यांग शिविर भी आयोजित कर आवश्यक उपकरण प्रदान किए जाएंगे।

# मध्यप्रदेश में छोटे किसानों की चिंता मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सिर्फ भाजपा सरकार ने की है: कृषि मंत्री पटेल

**प्रदेश के कृषि मंत्री ने कृषि उपज मंडी में मप्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड की स्वर्ण जयंती के अवसर पर किसान संगोष्ठी को किया संबोधित, कृषि मंत्री ने उन्नतशील किसानों, मंडी के हम्माल-तुलावटी, व्यापारियों एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों का प्रमाण पत्र देकर किया सम्मान**





**खिरकिया।** बुधवार को स्थानीय कृषि उपज मंडी परिसर में मप्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड की स्वर्ण जयंती के अवसर पर कृषक संगोष्ठी एवं उन्नतशील किसानों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल मौजूद रहे। इस दौरान महेश्वर के पूर्व विधायक राजकुमार मेव, पूर्व सैनिक भीमसिंह गुर्जर खातेगांव, जिपं उपाध्यक्ष दर्शनसिंह गहलोद, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष कलम, जपं उपाध्यक्ष मोहन सोलंकी, नप अध्यक्ष इंद्रजीत कौर, नप उपाध्यक्ष विजयंत गौर, पूर्व नपं अध्यक्ष गंगाविशन मुनीम एवं पूनमचंद गुप्ता, मंडी में विधायक प्रतिनिधि ललित पालीवाल, जिपं सदस्य कमलेश सेजकर, व्यापारी प्रतिनिधि हेमचंद नागड़ा, सांसद प्रतिनिधि महेन्द्रसिंह खनूजा, विजय सोमानी एवं बलवंत पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप गौर, शंकरसिंह खरबडि?ा, ओमप्रकाश चौहान, शैतान पंवार, रविंद्र दुआ पार्षद नितिन गुप्ता किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष हेमंत राजपूत राजेश मीणा आनंद गौर संजू यादव सोनू तिवारी अर्जुन सेन एसडीएम अशोक डेहरिया, मंडी सचिव आपसिंह किराड़े भी मंच पर विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व सरपंच बृजेश राजवैद्य ने किया। प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल ने मंडी में स्वर्ण जयंती कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती एवं भगवान बलराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर की। इसके बाद कन्या पूजन किया। वहीं

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री श्री पटेल ने कहा कि देश एवं प्रदेश की भाजपा सरकार ने किसानों की खेती को लाभ का धंधा बनाने की दिशा में तेजी से काम किया है। मध्यप्रदेश के छोटे किसानों की चिंता प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के नेतृत्व में सिर्फ भाजपा सरकार ने की है। प्रदेश के किसानों को भाजपा सरकार ने बगैर ब्याज के ऋष्ण उपलब्ध कराया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार के समय किसानों को पलेवा करने बिजली नहीं मिलती थी। लेकिन जब 2003 में भाजपा की प्रदेश में सरकार बनी। किसानों के लिए गांव-गांव में बिजली पहुंचाने एवं सब स्टेशनों की स्थापना के कार्य भी सरकार ने किए हैं। कृषि मंत्री श्री पटेल ने कहा कि कांग्रेस के समय सड?ों के हाल-बेहाल थे। सड? में गड्ढा है या गड्ढे में सड? पता नहीं चलता था। लेकिन भाजपा की सरकार में आज एक गांव से दूसरे गांव और गांव से तहसील एवं जिला मुख्यालत तक की मंडी में किसानों एवं ग्रामीणों के जाने के लिए पक्की सड?ें निर्मित की है। जिसमें मंडी निधि से सड?ों का निर्माण कार्य निरंतर जारी भी है। कृषि मंत्री श्री पटेल ने कहा कि मप्र में 1 करोड़ 3 हजार किसान हैं। जिसमें से 76 लाख किसान ऐसे हैं जो सिर्फ 5 एकड़ जमीन के मालिक हैं। इनमें से भी 38 लाख किसान ऐसे हैं। जिनके पास सिर्फ ढाई एकड़ जमीन है। यह छोटे किसान पूरी तरह से खेती पर निर्भर हैं। इन किसानों को सरकार ने अनेकों योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित करते हुए उनकी तकदीर बदलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मैं खुद किसान का बेटा हूं। इसलिए मुझे हमेशा किसानों की चिंता रहती है। मैं जब से कृषि मंत्री बना हूं। सिर्फ किसानों की चिंता करते हुए उनके हित में निरंतर कार्य कर रहा हूं। ताकि किसानों के लिए खेती घाटे का सौदा न रहे। कार्यक्रम में कृषि मंत्री श्री पटेल ने मंडी के पूर्व सचिव शंकरलाल धापकारी सहित सेवानिवृत्त कर्मचारियों, क्षेत्र के उन्नतशील किसानों, मंडी के हम्माल-तुलावटियों एवं मंडी के व्यापारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। इससे पहले कृषि मंत्री श्री पटेल ने मंडी परिसर स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में दर्शन किए। फिर स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। कृषि मंत्री श्री पटेल ने मंडी परिसर में अशोक का पौधा भी रोपित किया। दौरान बड़ी संख्या में किसान एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# कैमोर में होगी आईटी आई की स्थापना, मंत्रिमंडल ने दी स्वीकृति

**विधायक पाठक ने आईटीआई खोलने का मुख्यमंत्री से किया था आग्रह**

**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया का जताया आभार**







**कटनी।** मंगलवार को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में 6 नए औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र आईटीआई खोलने की स्वीकृति दी है इसमें कटनी जिले के विजयराघवगढ़ विधानसभा का कैमोर भी शामिल है । विजयराघवगढ़ विधानसभा में तीसरे आईटीआई संस्थान की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मांग रखने वाले विधायक संजय पाठक ने धन्यवाद आभार व्यक्त करते हुई संदेश जारी किया है जिसमें उन्होंने कहा कि विधानसभा विजयराघवगढ़ के अंतर्गत कैमोर में आईटीआई की स्थापना को मंत्रीमंडल द्वारा स्वीकृत प्रदान के निर्णय हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया को मैं बहुत बहुत आभार ज्ञापित करता हूं। इस जनहितकारी निर्णय से विधानसभा के युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त होगा जिससे उनकी आत्मनिर्भर भारत की राह मजबूत होगी और वह आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश और आत्मनिर्भर भारत के आधार स्तंभ बनेंगे।

**प्रदेश के इन जिलों में खुलेंगे आईटीआई**

जबलपुर के सिहोरा, कटनी के कैमोर, छतरपुर के बिजावर, निवाड़ी के जेरोन, सीधी के रामपुर नैकिन और धार के तिलगारा के लिए नए आईटीआई कैबिनेट ने स्वीकृति किये हैं। इनके लिए 114 प्रशिक्षकों और 44 प्रशासकीय पदों की भी मंजूरी कैबिनेट ने दी है।

# महाविद्यालय में प्रारंभ हुई नि:शुल्क स्पोकन इंग्लिश की कक्षाए



**पिपरिया।** नगर के शहीद भगतसिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के स्वामी विवेकानन्द प्रकोष्ठ द्वारा उन्नति फाउंडेशन के सहयोग से अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क इंग्लिश स्पोकन कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। यह कक्षाएं वर्ष भर संचालित की जाएंगी । इन कक्षाओं को संचालित कर रहे प्रमोद पटेल ने बताया कि पूरे वर्ष में 40-40 विद्यार्थियों के 12 बैच लगाए जाएंगे । कोर्स पूर्ण करने के बाद विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जायेंगे । इन विद्यार्थियों का ऑनलाइन पंजीयन किया गया है और प्रतिदिन उपस्थिति भी ली जाएगी। कक्षाओं में अंग्रेजी सीखने के लिए हैंड्स ऑन एक्टिविटी एवं विभिन्न आकर्षक तरीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है। कक्षाओं का संचालन महाविद्यालय के प्राचार्य के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में किया जा रहा है । कक्षाओं के सफल संचालन हेतु प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ अनिता सेन एवं किटी मौर्य सतत प्रयासरत है ।

# लंबित मांगों के निराकरण को लेकर हड़ताल पर रहे नगर निगम कर्मचारी



**नगर निगम कार्यालय के बाहर जमकर नारेबाजी**

**कटनी।** मध्य प्रदेश नगर निगम एवं नगरपालिका कर्मचारी संघ भोपाल के आव्हान पर नगर पालिक निगम कटनी के कर्मचारियों ने मंगलवार को अपनी लंबित मांगों को लेकर एक दिवसीय काम बंद सामूहिक हड़ताल की। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने नगर निगम कार्यालय के सामने जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रहे नगर निगम के कर्मचारियों ने बातचीत में कहा कि प्रदेश की निकायों में अधिकारी, कर्मचारी, दैनिक वेतन भोगी, स्थाई कर्मियों के द्वारा लंबे समय से अपनी विभिन्न मांगें प्रदेश शासन के समक्ष रखी गई, लेकिन अब तक उन मांगों पर प्रदेश सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया। अपनी मांगों का उल्लेख करते हुए कर्मचारियों ने कहा कि प्रदेश के निकायों में कार्यरत दैनिक भोगी कर्मचारियों का विनियमितीकरण किया जाना चाहिए, निकायों में रिक्त पदों पर पूर्व से कार्यरत स्थाई कर्मियों अथवा दैनिक वेतन भोगियों को नियमित किया जाना चाहिए। पुरानी पेंशन बहाल की जानी चाहिए। इसके अलावा अन्य और मांगें भी हैं, जिनको लेकर कर्मचारी प्रदेश सरकार से लगातार मांग करते आ रहे हैं।

# हरियाणा के नुंह में शोभायात्रा पर हुए जिहादी हमले के विरुद्ध बजरंग दल ने धरना

**हमलावरों पर सख्त कार्रवाई एवं हमले में मृत लोगों के परिजनोंए घायलों को सहायता राशि देने की मांग**



**पिपरिया।** गत दिनों हरियाणा के नुंह में शोभायात्रा पर हुए हमले, पुलिसकर्मियों सहित हिन्दुओं की नृशंस हत्या के विरोध में बजरंग दल ने देश व्यापी धरना प्रदर्शन कर शोभायात्रा पर हमला करने वाले जिहादी मानसिकता के लोगों पर सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की। उक्त घटना को लेकर बजरंग दल के देशव्यापी धरना के आवाहन पर बजरंग दल पिपरिया जिला द्वारा नगर के हृदय स्थल सुभाष चौक पर लगभग 1 घंटे का धरना प्रदर्शन कर इस्लामी आतंकवाद जेहादी मानसिकता के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। धरना प्रदर्शन में विभाग संयोजक श्रीकांत पटेल सहित विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। धरना कर रहे कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय ,वंदे मातरम,जय श्री राम इस्लामिक आतंकवाद मुर्दाबाद-मुर्दाबाद जेहादी मानसिकता वालों को जूते मारो सालों को देश का बल बजरंग दल जयकारा वीर बजरंगी हर हर महादेव के गगनभेदी नारे लगाए। ज्ञात हो कि श्रावण मास में हरियाणा के मेवात में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा पिछले तीन चार दशकों से शोभायात्रा निकाली जा रही है। गत दिनों निकाली शोभायात्रा पर जिहादी मानसिकता के हमलावरों ने हमला कर पथराव किया गोली चलाई और पेट्रोल बम फेंके जिसमें 2 पुलिसकर्मियों सहित तीन अन्य की मृत्यु हो गई। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला पिपरिया ने हरियाणा सरकार से मुक्त निंदनीय घटना के कायराना हमले में मृत्यु को प्राप्त हुए पुलिसकर्मियों सहित अन्य 3 बंधुओं के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपए। घायलों को 20-20 लाख रुपए देने के के साथ ही अनेकों वाहनों को जलाने पर संबंधों से उक्त वाहनों की राशि की भरपाई कर वाहन मालिकों सहित शासकीय वाहनों की राशि शासकीय कोष में जमा कराने की मांग की। उक्त घटना को लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सहित सनातन समाज में काफी आक्रोश व्याप्त है।

# राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित वर्गीस थॉमस, सीपीई से हुए सेवानिवृत





**पिपरिया/इटारसी।** नगर के प्रतिष्ठित रक्षा संस्थान सीपीई से वर्गीस थॉमस एई प्रभारी अधिकारी गोला बारूद विभाग अपनी गौरवशाली सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत हुए। जिनका विदाई समारोह का आयोजन कम्यूनिटी हाल में किया गया। कमांडेंट ब्रिगेडियर के जे सरवैया,कर्नल प्रशासनिक कर्नल प्रेम कुमार यादव,कर्नल तकनीकी ले कर्नल ए एस गायकवाड़,ले कर्नल मोहित शर्मा,ले कर्नल धीरज खन्ना एवं बड़ी संख्या में सेना के अधिकारी सहित सभी विभागों के प्रभारी अधिकारी, कर्मचारी गण एवं उनके परिवारजनों,मित्रगर्णो आदि की गरिमामय उपस्थिति में कमांडेंट साहब द्वारा शॉल,श्रीफल,शुटकेस एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। तत्पश्चात अधिकारीगणों, कार्य समिति, जेसीएम, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश ग्यारसे सहित पदाधिकारियों द्वारा पुष्पहारो द्वारा स्वागत किया गया। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी पॉल पी जॉर्ज ने इनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा यह बहुत ही कर्मठ, लगनशील व्यक्ति रहे संस्थान की विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में सदैव आगे रहते थे। कारगिल युद्ध के दौरान उन्होंने तकनीकी दक्षता एवं कार्य कुशलता का परिचय देते हुए सक्रिय भूमिका निभाई और इन्होंने अपने कार्य को निरंतर सुचारू रूप से बनाए रखा । इनका ट्रांसफर होने वाला था शायद हमारे स्नेह ने इन्हे रोक रखा था जो आज हमारे बीच से विदाई ले रहे हैं। नर्मदापुरम क्षेत्र से इतना प्यार और मान सम्मान पाकर वह भावुक हो गए और उन्होंने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि यहां के लोगों ने मेरा इतना सम्मान दिया जो सदैव मुझे याद रहेगा। मैं तो माला के अंदर छुपा हुआ धागा हूं असली फूल तो आप लोग हैं। अंत में उपस्थित जनों ने राष्ट्रगान गाया और भारत माता की जय के नारों से समस्त हाल गुंजायमान हो गया।

# सांसद वीडी शर्मा के प्रयासों से होगा कटनी के तीनों रेल स्टेशनों के पुनर्विकास

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 6 अगस्त को करेंगे भूमि पूजन**

**भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन ने संगठन की ओर से जताया आभार**



**कटनी।** कटनी के तीनों रेल स्टेशनों का आधुनिक तरीके से विकास होगा। सांसद एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री विष्णुदत्त जी शर्मा के प्रयासों से कटनी के मुख्य रेल स्टेशन, मुड़वारा तथा कटनी साउथ का विकास किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी इसकी आधारशिला 6 अगस्त को रखेंगे।

सांसद श्री वीडी शर्मा के खजुराहो संसदीय क्षेत्र के रेलवे जंक्शनों का 320 करोड़ की लागत से पुर्नविकास होगा। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 अगस्त को अमृत भारत कार्यक्रम के तहत इन कार्यों का भूमि पूजन/ शिलान्यास करेंगे। यह कटनी के लिए गौरव की बात है। देश के 506 रेल्वे स्टेशनों के लिए अमृत भारत कार्यक्रम के तहत करोड़ो रूपये की परियोजनाओं की सौगात मिलेगी। इसी दिन खजुराहो- कटनी संसदीय क्षेत्र में सांसद बी.डी.शर्मा के प्रयासों से रेल सुविधाओं के विकास एवं विस्तार हेतु 332 करोड़ रूपये की लागत से चार रेल स्टेशनों के पुर्नविकास कार्य का शिलान्यास होगा।

पूरे देश में खजुराहो संसदीय क्षेत्र के लिए सर्वाधिक राशि मंजूर की गई है। रविवार 6 अगस्त को कटनी जंक्शन के पुर्नविकास के लिए 30 करोड़ रूपये, कटनी साउथ के लिए 20.6 करोड़ रूपये और कटनी मुड़वारा जंक्शन के लिए 22 करोड़ रूपये की लागत से पुर्नविकास कार्य का शिलान्यास होगा। जबकि खजुराहो जंक्शन का 260 करोड़ रूपये की लागत से पुर्नविकास कार्य का शिलान्यास होगा। भाजपा मीडिया प्रभारी आशुतोष शुक्ला ने बताया कि इस स्वीकृति पर जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन, विधायकगण संजय पाठक, संदीप जायसवाल, प्रणय पांडे, केडीए अध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक सहित सभी भाजपा जनप्रतिनिधियों ने सांसद वीडी शर्मा का आभार व्यक्त किया है।